Indian School Muscat Primary Section	
Subject : Hindi	**Name : Roll No.**
Revision Worksheet:III	**Class : IV Sec : Date :**
Resource Person: Ms. Banita Rana	**Teacher's Remark:**
Parent's Signature :	**Teacher's Signature and Date :**

क) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न **1** दादाजी शांतिनिकेतन में अपना समय कैसे बिताना चाहते थे?
उतर दादाजी चित्रकारी करके,बनमाली बनकर और बगीचे में टहलकर अपना समय बिताते थे।

प्रश्न **2** जब कवि ने पत्र लिखना शुरू किया तब प्रकृति का वातावरण कैसा था?
उतर जब कवि ने पत्र लिखना शुरू किया तब आसमान में बादल छाए हुए थे,ज़ोरदार ठंड पड़ रही थी और हवा चलने से पेड़ों की फुनगियाँ झूम रही थीं।

प्रश्न**3** रवींद्रनाथ ठाकुर की पौत्री का क्या नाम था ?
उतर रवींद्रनाथ ठाकुर की पौत्री का नाम पुपुमणि था।

प्रश्न **4** नौकरानी नाश्ते के लिए क्या लानेवाली थी?
उतर नौकरानी नाश्ते के लिए अंडे डबलरोटी और चाय लानेवाली थी

ख) नीचे दिए गए शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ।

1) बिस्तर - बिस्तर पर चादर बिछा दो।
2) चिट्ठी - मामाजी की चिट्ठी आई है।
3) जंगल - जंगल में जानवर रहते हैं।
4) पनीर - मुझे पनीर बहुत पसंद है।
5) शहर - मेरे चाचाजी शहर में रहते हैं।
6) सुंदर - बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

घ) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

1) सावधान × असावधान

2) सहमत × असहमत

3) पुराना × नया

4) आसान × कठिन

5) जीत × हार

ङ) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।

1) पेड़ की डाल टूट गई।
पेड़ की डालें टूट गईं।

2) दादाजी की चिट्ठी आई है।
दादाजी की चिट्ठियाँ आई हैं।

3) दवाई मेज़ पर रखी है।
दवाईयाँ मेज़ पर रखी हैं।

च) नीचे दिए गए विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए ।

काला	राम	सुंदर	दो किलो
गरम	आम	मीठा	गाय
मैं	खिलौना	पाँच	दूध